# SAMAGRA PLUS

THIRD TERM SAMPLE PRACTICE PAPER

HINDI

Time :2 Hr　　　　　　　　　　　　　　　　　　Score :25

**सामान्य निर्देश :**

**गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।**

**2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें ।**

## गतिविधि 1

**सूचना:** खंड पढ़ें और उत्तर लिखें।

एक घोंसले में एक प्यारी सी चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहा करती थी। वे सब साथ में हमेशा ही खुश रहते थे। मम्मी चिड़िया अपने बच्चों को खाना पानी खोजना सिखाती है। मम्मी चिड़िया अपने सारे बच्चों को उड़ने का प्रशिक्षण देती है। वह रोज़ उन्हें उड़ना सिखाती है। धीरे-धीरे उनके तीनों बच्चे सीख जाते हैं।

**क)** घोंसले में कौन अपने बच्चों के साथ रहा करती थी?
(चिड़िया, गिलहरी, बंदर, कछुआ)

**ख)** बच्चों को उड़ने का प्रशिक्षण कौन देती है?
(गिलहरी, मम्मी चिड़िया, तोता, मोर )

**ग)** चिड़िया अपने बच्चों के साथ कहाँ रहती थी?
( घर में, घोंसले में, पत्थर में, तालाब में )

**घ)** इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें।

**ङ)** पानी की समानार्थक शब्द लिखें।
( वायु, जल, नदी, मेघ )

## गतिविधि 2

**सूचना:** कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रिमझिम रिमझिम वर्षा आई,
धरती की सब प्यास बुझाई।
श्याम घटाएँ घुमड़ रही हैं,
नदी नालियाँ उमड़ रही हैं।

**क)** कैसे वर्षा आई?
(उमड़कर, घुमड़कर, रिमझिम-रिमझिम, टर-टर)

**ख)** जल जीवन का आधार है, यह संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

## गतिविधि 3

**सूचना:** खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दो संतरे थे। एक दिन वे घूमने निकले। अचानक एक भालू सामने आ गया। संतरों को देख उसके मुँह में पानी आ गया। उसने एक संतरा उठाया। संतरे को ज़ोर से पकड़कर वह खाने ही वाला था कि संतरे का रस उसकी आँखों में चला गया।

**क)** संतरे के सामने कौन आ गया?
(भालू , बंदर, खरगोश, कछुआ)

**ख)** तालिका की सहायता से वार्तालाप की पूर्ति करें।

| |
|---|
| देखो देखो एक भालू। |
| वाह! कितना सुंदर संतरे। |
| दौड़ो दौड़ो। |
| मुझे छोड़ो मुझे छोड़ो। |
| कहाँ? |
| तुम्हें छोड़ूँगा नहीं। |
| वह किसके लिए आया होगा? |

संतरा 1 :

संतरा 2 :

संतरा 1 :

भालू :

संतरा 2 :

भालू :

संतरा 1 :

# SAMAGRA PLUS

## गतिविधि 4

**सूचना:** कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हवा धूल को छेड़ के भागी
सोती धूल अचानक जागी
उड़ी हवा के पीछे पीछे
हवा हो गई धूल के नीचे
धूल खोजती आँखें मींचे
दाएँ–बाएँ आगे पीछे
हवा चल रही साँसें खींचे
नीचे नीचे धूल के नीचे

**क)** निम्नलिखित आशय वाली पंक्तियाँ कविता से चुनकर लिखें।

धूल आँखें बंदकर खोजती थी। हवा धूल के नीचे चल रही थी।

**ख)** उचित जोड़े चुनकर लिखें।

हवा धूल को .........
सोती धूल .........
उड़ी हवा ...........

( अचानक जागी, पीछे–पीछे, छेड़ के भागी )

# गतिविधि 5

**सूचना:** तालिका की सहायता से डायरी की पूर्ति करें।

आज जल मुर्गियों के चूज़े मेरे घर में घुस आए।
बिलौटे से डरकर चूज़े घर के अंदर घुस आए।
जलमुर्गियाँ शोर मचाती रही थीं।
मैंने चूज़ों को पकड़कर जलमुर्गियों को दिया।
जलमुर्गियों को भी गिनती आती है।
जलमुर्गियाँ नदी की तरफ़ दौड़ पड़ीं।





फरवरी 15
मंगलवार
आज जलमुर्गियाँ...............................

# SAMAGRA PLUS

## गतिविधि 6

**सूचना:** नीचे दिए कोष्ठक से रंगों के नाम चुनकर तालिका में  लिखें।

( काला, नीला, लाल, पीला, भूरा, हरा )

| | | |
|---|---|---|
|  |  | ---------------- |
|  |  | ---------------- |
|  |  | ---------------- |
|  |  | ---------------- |
|  |  | ---------------- |

# SAMAGRA PLUS

## मूल्याँकन सूचक (Scoring Indicators)

## हिंदी 5

| गतिविधि | उत्तर सूची | स्कोर | कुल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि 1 | क) सही उत्तर लिखा है। (चिड़िया)<br>ख) सही उत्तर लिखा है। (मम्मी चिड़िया)<br>ग) सही उत्तर लिखा है। (घोंसले में)<br>घ) सही उत्तर लिखा है। (उचित शीर्षक)<br>ङ) सही उत्तर लिखा है। (जल) | 1<br>1<br>1<br>1<br>1 | 5 |
| गतिविधि 2 | क) सही उत्तर लिखा है। (रिमझिम)<br>• स्थान, तारीख, समय, कार्यक्रम का उल्लेख करके आकर्षक रूपविधान के साथ पोस्टर तैयार किया है।<br>• स्थान, तारीख, समय, कार्यक्रम का उल्लेख करके पोस्टर तैयार किया है।<br>• आंशिक रूप से पोस्टर तैयार किया है।<br>• पोस्टर तैयार करने की कोशिश की है। | 1<br>4<br>3<br>2<br>1 | 5 |
| गतिविधि 3 | क) सही उत्तर लिखा है। (भालू)<br>ख)<br>• कोष्ठक से पूरा उत्तर लिखा है।<br>• किन्हीं पाँच सही है।<br>• किन्हीं तीन सही है।<br>• किसी एक सही है। | 1<br>4<br>3<br>2<br>1 | 5 |
| गतिविधि 4 | क) सही उत्तर लिखा है।<br>(धूल खोजती आँखें मींचे<br>नीचे नीचे धूल के नीचे)<br>किसी एक पंक्ति सही है।<br>क) सही उत्तर लिखा है। (हवा धूल को छेड़ के भागी, सोती<br>धूल अचानक जागी, उड़ी हवा पीछे–पीछे)<br>किन्हीं दो सही है।<br>किसी एक सही है। | 2<br>1<br>3<br>2<br>1 | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| गतिविधि 5 | • तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तम पुरुष नज़रिए से मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है।<br>• डायरी में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं।<br>• उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उत्तर में हैं।<br>• लिखने का प्रयास किया है। | 5<br>4<br>3<br>2 | 5 |
| गतिविधि 6 | • सही उत्तर लिखा है।<br>• किन्हीं चार सही हैं।<br>• किन्हीं तीन सही हैं।<br>• किन्हीं दो सही हैं।<br>• किसी एक सही है। | 5<br>4<br>3<br>2<br>1 | 5 |